कोयला मंत्रालय में हिंदी पखवाड़ा, 2019 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

मंत्रालय में दिनांक 01 से 15 सितंबर, 2019 के दौरान आयोजित हिंदी पखवाड़ा के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए दिनांक 15 अक्तूबर, 2019 को मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के प्रारंभ में संयुक्त निदेशक (रा.भा.) ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का अभिनंदन किया और उनके अनुरोध पर संयुक्त सचिव (बीपीपी) ने सचिव महोदय को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में संयुक्त सचिव (बीपीपी) ने पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और उनकी पुरस्कार राशि का उल्लेख किया। साथ ही, उन्होंने इस अवसर पर मंत्रालय में कामकाज में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति का भी जिक्र किया। इसके बाद संयुक्त निदेशक (रा.भा.) के अनुरोध पर सचिव महोदय ने अपने कर-कमलों से विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। प्रमाण-पत्र वितरित करने के पश्चात सचिव महोदय ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मंत्रालय में आयोजित बैठकों और विचार-विमर्श में प्राय: हिंदी का ही अधिक प्रयोग होता है लेकिन नोटिंग और अन्य कार्यों में भी हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय में प्रयोग की जाने वाली हिंदी कठिन नहीं होनी चाहिए। कार्यालय के काम में हिंदी का उपयोग करते समय इसमें अन्य भाषाओं के शब्दों का भी उपयोग किया जाए तो समझने में आसानी होगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रतियोगिताओं में वरिष्ठ अधिकारियों को भी शामिल होना चाहिए।

इस अवसर पर श्री विनोद कुमार तिवारी (अपर सचिव), श्री राजेश कुमार सिन्हा (संयुक्त सचिव), श्रीमती रीना सिन्हा पुरी (संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार), श्रीमती विस्मिता तेज (संयुक्त सचिव), श्री अनिंद्य सिन्हा (सलाहकार परियोजना) भी समारोह में उपस्थित थे।

अंत में संयुक्त निदेशक (रा.भा.) ने सचिव महोदय तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

*****

F INDIA
OF COAL
PRESTIGE

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
कोयला मंत्रालय
NISTRY OF COAL

पुरस्कार वितरण समारोह

COAL

हिंदी पखवाड़ा, 2019
पुरस्कार वितरण समारोह
दिनांक : 15 अक्तूबर, 2019
हिंदी पखवाड़ा, 2019
पुरस्कार वितरण समारोह
दिनांक : 15 अक्तूबर, 2019

भारत सरकार

भारत सरकार